प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
18.45 रविवार दिनांक 15.12.2024

मुख्य समाचारः–

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रायपुर में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस को प्रतिष्ठित राष्ट्रपति निशान प्रदान किया–कहा कि इकतीस मार्च दो हजार छब्बीस के पहले नक्सलमुक्त हो जाएगा छत्तीसगढ़।
- केंद्रीय गृह मंत्री जगदलपुर में आयोजित बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में शामिल हुए–श्री अमित शाह ने आत्मसमर्पित माओवादियों के साथ भी की मुलाकात।
- भारतीय सेना द्वारा आज नवा रायपुर में आयोजित किया गया सोल्जरएथॉन।
- राज्य विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल से शुरू होगा।

<u>अमित शाह–राष्ट्रपति निशान अलंकरण</u>

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज रायपुर के पुलिस परेड मैदान में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस को प्रतिष्ठित प्रेसीडेंट कलर यानी राष्ट्रपति निशान प्रदान किया। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह श्री शाह ने कहा कि केन्द्र सरकार ने इकतीस मार्च दो हजार छब्बीस के पहले छत्तीसगढ़ को नक्सलमुक्त बनाने का संकल्प लिया है और इसे पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस पूरी बहादुरी और समर्पण के साथ अभियानों को अंजाम दे रही है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने माओवादियों से अपील की कि वे हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो जाएं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने देश की सबसे अच्छी आत्मसमर्पण नीति तैयार की है और आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को राज्य सरकार द्वारा अच्छा पैकेज दिया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य सरकार द्वारा तैयार आत्मसमर्पण नीति की विशेषताओं को रेखांकित किया।

समारोह के दौरान छत्तीसगढ़ पुलिस की विभिन्न टुकड़ियों ने आकर्षक मार्चपास्ट किया।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और राज्य के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा भी उपस्थित थे।

<u>अमित शाह–बस्तर ओलंपिक</u>

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आज जगदलपुर में आयोजित बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में भी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह बस्तर ओलंपिक, बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों की उम्मीदों की पहचान बनेगा।

केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ के आत्मसमर्पित माओवादियों और नक्सलवाद से पीड़ित परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पंद्रह हजार अतिरिक्त आवास मंजूर किए हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, खेल मंत्री टंकराम वर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप और स्थानीय विधायक किरण सिंह देव भी उपस्थित थे। समारोह के दौरान बस्तर ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के आठ दलों ने आकर्षक मार्चपास्ट किया। इनमें बस्तर संभाग के सात जिलों के साथ ही आत्मसमर्पित नक्सलियों की भी एक टोली थी।

गौरतलब है कि बस्तर ओलंपिक में करीब डेढ़ लाख खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसकी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में करीब तीन हजार खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

केंद्रीय गृह मंत्री जगदलपुर में एक अन्य कार्यक्रम में हिंसा का रास्ता त्यागकर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने वाले आत्मसमर्पित माओवादियों से भी मुलाकात कर संवाद कर रहे हैं।

माओवादी–आत्मसमर्पण / जवान घायल

सुकमा जिले में कुल पच्चीस लाख रूपये के पांच इनामी माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि इनमें से दो माओवादियों पर आठ–आठ लाख रूपये का इनाम घोषित था।

इस बीच, कांकेर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी को निष्क्रिय करते समय सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ का एक जवान घायल हो गया है। कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के पानीडोबीर कैंप से बीएसएफ के जवान सर्च ऑपरेशन पर निकले थे। इस दौरान हेटारकसा के पास माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी को निष्क्रिय करते हुए यह हादसा हुआ। घायल जवान को पानीडोबीर कैंप में प्राथमिक इलाज के बाद हेलिकॉप्टर से रायपुर लाया गया है।

विधानसभा–सत्र

छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल सोलह दिसंबर से शुरू होगा। बीस दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल चार बैठकें होंगी।

*छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन कल सबसे पहले सदन में राज्यसभा के पूर्व सांसद गोपाल व्यास और अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व विधानसभा सदस्य नंदाराम सोरी को श्रद्धांजलि दी*

*जाएगी। इसके बाद चालू वित्तीय वर्ष के लिए द्वितीय अनुपूरक अनुमान सदन में पेश किया जाएगा। इस पर सत्र के दूसरे दिन यानी सत्रह दिसंबर को चर्चा होगी। इसी दिन सदन में विनियोग विधेयक पर भी चर्चा की जाएगी। सत्र के दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्य वेतन, भत्ता और पेंशन संशोधन विधेयक, छत्तीसगढ़ भू–राजस्व संहिता संशोधन विधेयक, छत्तीसगढ़ नगर निगम और नगर पालिका संशोधन विधेयक पेश किया जाएगा।*

*समाचार डेस्क, आकाशवाणी समाचार, रायपुर।*

<u>सोल्जरएथॉन</u>

भारतीय सेना ने उन्नीस सौ इकहत्तर के भारत–पाक युद्ध में भारत की शानदार जीत की तिरपनवीं वर्षगांठ के मौके पर आज नवा रायपुर में सोल्जरएथॉन का आयोजन किया। इसका शुभारंभ पूर्व सेना प्रमुख जनरल वी.के. सिंह ने किया। छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से आयोजित इस सोल्जरएथॉन में तीन हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनरल सिंह ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय सेना और स्थानीय समुदाय के बीच संबंधों को मजबूत बनाने के साथ ही लोगों को शारीरिक रूप से चुस्त रहने के लिए प्रेरित करना है।

इस सोल्जरएथॉन में इक्कीस, दस और पांच किलोमीटर की दौड़ के साथ ही तीन किलोमीटर की पैदल चाल भी शामिल थी।

<u>खाद्य विभाग–राईस मिल निरीक्षण</u>

खाद्य विभाग की टीम ने आज रायपुर, धमतरी, महासमुंद और राजनांदगांव जिले में राईस मिलों का औचक निरीक्षण किया। टीम द्वारा गरियाबंद जिले के आर.टी. राईस मिल में दबिश के दौरान पाया गया कि मिल

द्वारा शासकीय धान का उठाव नहीं किया जा रहा है। इसके बाद मिल परिसर को सील कर वहां मिले धान और चावल को जब्त कर लिया गया है।

## मौसम

प्रदेश के न्यूनतम तापमान में अभी और गिरावट होने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि सरगुजा के साथ ही बिलासपुर और दुर्ग संभाग में के एक–दो स्थानों पर शीतलहर चलने अथवा शीतलहर जैसी स्थिति बनने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

- लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल का व्यक्तित्व और उनके कार्य देश की एकता और अखंडता तथा विकसित भारत के संकल्प को हासिल करने में देशवासियों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे।

- राज्यपाल रमेन डेका ने आज धमतरी प्रवास के दौरान राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी के मरीजों को प्रोटीनयुक्त फूड बास्केट प्रदान किया।
- नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत की अध्यक्षता में आज रायपुर में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में कल से शुरू होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए रणनीति बनाई गई।

<><><><><><>